www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-245 सागवाड़ा, शनिवार, 21 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# हत्या के आरोपी के घर तोड़फोड़ व आगजनी के 20 आरोपी गिरफ्तार


**डूंगरपुर।** हत्या के बाद आरोपी के घर तोड़फोड़, आगजनी और उपद्रव के मामले में दोवड़ा थाना पुलिस ने 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की पेमा डामोर निवासी इंदौडा फला अंबेला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 6 मई को भतीजे खेमराज पुत्र भेमजी ओर वालजी पुत्र हीरा निवासी इंदौडा के बीच शराब पीने की बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनो के बीच लड़ाई में वालजी की मौत हो गई थी। हत्या के आरोपी खेमराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जो अभी जेल में है। 19 मई को वालजी के क्रियावर में सामाजिक लोग शामिल हुए। उसके बाद रात के समय वालजी के परिवार के लोगो ने मिलकर आरोपी खेमराज के घर ओर उसके परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की। लोगो से मारपीट की, जिसमे लोगों ने भागकर जान बचाई। इसके बाद आरोपियों ने घरों में आग लगा दी। इससे घर में रखे कपड़े, अनाज, बर्तन सबकुछ जल गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

सागवाड़ा डीएसपी नरपत सिंह ने बताया की मामले में महिला थानाधिकारी भवानी सिंह, एएसआई तेजसिंह, हेड कांस्टेबल नेपालसिंह, जीवणलाल, सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, माधव सिंह, योगेंद्र सिंह, खुशपाल सिंह, भंवर सिंह, दीपक, महेंद्र, प्रकाश की टीम ने जांच करते हुए कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामले में आरोपी भेमजी कलासुआ, धना कलासुआ, गोतम कलासुआ, नरेश कलासुआ, खातू कलासुआ, जीवा डामोर, जितेंद्र कलासुआ, रामजी डामोर, गांगजी कलासुआ, देवराम कटारा, मनु कलासुआ, कचरू कलासुआ, हुरजी कलासुआ, रमेश कलासुआ, धुलजी कलासुआ, लक्ष्मण कटारा, लालू कलासुआ, धनपाल कलासुआ, गोपाल निवासी इंदौडा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वही कल सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की हिन्दू जनजागरण भारत माता यात्रा पहुंची डूंगरपुर

## केंद्र व राज्य सरकार से की जनसँख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग



**डूँगरपुर।** प्रदेश में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से जनसँख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग व हिन्दू जनजागरण को लेकर निकाली जा रही भारत माता यात्रा आज डूंगरपुर पहुंची। इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारी सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू हुए। जिसमे उन्होंने यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए केंद्र व राज्य सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की है। सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नारायणराम चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए भारत माता यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया की 2 अप्रैल 2022 को प्रदेश के बीकानेर करणीमाता मंदिर से जनसँख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग व हिन्दू जनजागरण के उद्देश्य को लेकर ये यात्रा शुरू की है। उन्होंने बताया की प्रदेश के 19 जिलों से होती हुई हिंदू जनजागरण की भारत माता यात्रा आज डूंगरपुर पहुंची है। भारत माता यात्रा के तहत सभी जिलों में जाकर हिदुओ में जनजागरण किया जा रहा है की देश की आबादी में आजादी के समय केवल 3 फीसदी मुस्लिम थे और आज 30 फीसदी को पार कर गए है। इसकी वजह यह है की हिन्दू केवल एक ही बच्चा पैदा कर रहे जबकि मुस्लिम के कई बच्चे हो रहे। ऐसे में जनसंख्या का असंतुलन हो रहा है और इसे नियंत्रित करने के लिए फाउंडेशन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कानून बनाए जाने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा की कानून में मांग रखी जा रही है की जो दो से ज्यादा बच्चे पैदा करे उसे किसी तरह सरकारी लाभकारी योजना का फायदा नहीं मिले और वोट डालने का भी अधिकार छीन लिया जाए। नारायणराम चौधरी ने बताया की यात्रा का समापन एक जुलाई को जयपुर में होगा इस दौरान हिन्दू हुंकार रैली का आयोजन होगा। जिसमे सभी वर्ग साधु, महिला, पुरुष, सभी राजनीतिक और गैर राजनीतिक जन आमंत्रित होंगे।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में कटौती

## पूर्व विधायक कटारा ने पीएम मोदी का जताया आभार, कहा- आमजन को मिलेगी बहुत राहत





**सागवाड़ा।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया है. इससे पेट्रोल 9.50 रुपए और डीजल 7 रुपए प्रति लीटर सस्ता होगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी जानकारी दी है. नए रेट आज रात 12 बजे से लागू होंगे. इसको लेकर सागवाड़ा पूर्व विधायक अनिता कटारा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि इससे आमजन को भारी राहत मिलेगी.

कटारा ने भारत सरकार द्वारा पेट्रोल पर 8 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की कमी करने और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को इस वर्ष प्रति गैस सिलेण्डर (12 सिलेण्डर तक) 200 रुपए की सब्सिडी प्रदान किए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक कटारा ने कहा कि सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी में कमी किए जाने से पेट्रोल की कीमत 9 रुपए 50 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमत 7 रुपए प्रति लीटर घट जाएगी. पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में कटौती से क्षेत्र के किसानों, गरीब परिवारों की महिलाओं सहित आमजन को बहुत राहत मिलेगी.

# ट्रेक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में 3 बच्चो के पिता की हुई मौत, अन्य युवक हुआ घायल

**आसपुर।** साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा गाँव के पास एक ट्रेक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई वही उसके दोस्त गंभीर घायल हो गया। घायल का सागवाडा अस्पताल में उपचार चल रहा है। वही मृतक युवक के 3 बच्चे है। युवक की मौत के बाद 3 बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है। साबला थाने के थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया की बीती रात तालोरा निवासी प्रकाश पिता शम्भु नाई बीती रात अपने दोस्त गामडी देवकी निवासी हितेश पिता लक्ष्मण को छोड़ने के लिए बाइक पर गामडी देवकी जा रहे थे। इस दौरान बोडीगामा छोटा गाँव में जैन मंदिर के पास एक ट्रेक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद शम्भू नाई व उसका दोस्त हितेश गम्भीर घायल हो गए। वही हादसे के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सुचना पर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगो ने हादसे की जानकारी साबला थाना पुलिस को दी। सुचना पर साबला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहा से पुलिस ने दोनों गंभीर घायलों को साबला सामुदायिक अस्पताल पहुँचाया। जहा पर शम्भू की हालत ज्यादा गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया वही हितेश को प्राथमिक उपचार के बाद सागवाडा रेफर किया गया।

# एन एच-48 पर अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, हादसे में बालक की हुई मौत, 3 अन्य हुए घायल

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के एनएच-48 पर खजुरी गाँव के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार एक बालक की ओटो के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि ऑटो सवार 3 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को बिछीवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। ये सभी लोग डूंगरपुर से एक शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे।

बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की गुजरात के शामलाजी निवासी पुना डामोर ने बिछीवाड़ा थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में पूना डामोर ने बताया की कल उसका भतीजा 12 वर्षीय मनोज पिता खेमजी डामोर व परिवार के अन्य चार से पांच लोग ऑटो में सवार होकर डूंगरपुर आये थे। इस दौरान उन्होंने कल डूंगरपुर जिले के छैला खेरवाड़ा गाँव में शादी समारोह में भाग लिया था। शादी समारोह में भाग लेने के बाद आज सुबह वे वापस ऑटो में सवार होकर डूंगरपुर छेला खेरवाडा से शामलाजी के लिए लौट रहे थे। इस दौरान बिछीवाडा-अहमदाबाद एनएच 48 पर खजूरी के पास उनका ऑटो अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया। हादसे में उसके भतीजे महेश पिता खेमजी डामोर की ऑटो कि नीचे से दबने से मौत हो गई वहीं ऑटो सवार परिवार के अन्य लोग भी घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने घटना की जानकारी बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से घायलों को बिछीवाडा अस्पताल में भर्ती करवाते हुए उनका उपचार शुरू करवाया। वही पुलिस ने मृतक के शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर शामलाजी से अन्य परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया है वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री सलाहकार समिति का गठन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए 'मुख्यमंत्री सलाहकार समिति' का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली इस समिति में 6 सलाहकार सदस्य व 1 सदस्य सचिव हैं। समिति में विधायक जितेन्द्र सिंह, बाबूलाल नागर, राजकुमार शर्मा, संयम लोढ़ा, रामकेश मीणा व दानिश अबरार को सलाहकार सदस्य तथा सामान्य प्रशासन विभाग के शासन सचिव को सदस्य सचिव बनाया गया है। सलाहकार सदस्य, अध्यक्ष के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों के दौरे कर राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में समय-समय पर अवगत कराएंगे। इस समिति का प्रशासनिक विभाग सामान्य प्रशासन विभाग होगा।

# जल संरक्षण की दिशा में डूंगरपुर नगरपरिषद ने एक कदम और बढाया आगे

## मानसून से पूर्व 500 घरो में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लिया लक्ष्य

**डूँगरपुर।** प्रदेश में स्वच्छता में में टॉप माने जाने वाली डूंगरपुर नगरपरिषद ने जल संरक्षण की दिशा में एक और कदम आगे बढाया है। डूंगरपुर नगरपरिषद के सभापति अमृतलाल कलासुआ की पहल पर नगरपरिषद की ओर से शहर में जल संरक्षण व वर्षा के जल को सहेजने के लिए मानसून से पूर्व 500 घरो में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य लिया गया है। हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने में नगरपरिषद की ओर से सब्सिडी भी दी जायेगी। वही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगने से करोडो लीटर वर्षा के पानी को बहने से बचाते हुए उसका संचय किया जा सकेगा जिससे शहर के भू जल स्तर में बढ़ोतरी होगी। जल ही जीवन है और आज के भौतिक युग में जल की उपयोगिता भी बढ़ गई है हम जमीन से जल का दोहन कर उसका उपयोग तो कर रहे है लेकिन उस जल का संचय नहीं होने से भू जल स्तर गिरता ही जा रहा है।

यही कारण है की खासकर के गर्मियों में पेयजल संकट उत्पन्न होता है और लोगो को बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ता है। इन्ही बातो को ध्यान में रखते हुए डूंगरपुर नगरपरिषद के वर्तमान बोर्ड व सभापति अमृतलाल कलासुआ ने पिछले बोर्ड की भाति ही शहर में मानसून से पूर्व 500 घरो में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य लिया गया है। इन 500 घरो पर वाटर हार्वेस्टिंग से शहर में 5 करोड़ लीटर पानी जमीन में पहुंच पायेगा। हार्वेस्टिंग सिस्टम की आधी लागत सब्सिडी के रूप में देगी नगरपरिषद इतना ही नहीं इस काम के लिए नगरपरिषद सम्बंधित भवन मालिक को लागत की आधी राशी सब्सिडी के रूप में देगी। सभापति अमृतलाल कलासुआ ने बताया की वाटर हार्वेस्टिंग कराने के लिए 16 से 17 हजार रूपये की लागत आती है और इसकी आधी करीब 8 हजार की राशि नगरपरिषद सब्सिडी के रूप में देगी। ताकि लोग अपने घरो में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित हो सके। सभापति ने बताया की बरसात का पानी वाटर हार्वेस्टिंग से सीधा बोरिंग या हेण्डपम्प में जाएगा जिससे पानी जमीन में रिचार्ज होकर हमें आसानी से मिल सकेगा तो आने वाले 50 वर्षो तक हमें पानी की समस्या नहीं झूझना नहीं पडेगा और फ्लोराइड युक्त जल हमें मिलता रहेगा।

आज के भौतिक युग में जल की महत्वत्ता बढ़ गयी है जिसका कारण हम जमीन के पानी का उपयोग तो कर रहे है पर जमीन को कुछ दे नहीं रहे है,अगर हम जमीन के पानी का इसी तरह उपयोग करते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब इस धरती पर पानी ही नहीं रहेगा। ऐसे में वर्षा के जल को सहेजते हुए भू जल स्तर को बढाने की दिशा में डूंगरपुर नगरपरिषद की पहल काबिले तारीफ़ है। बहराल इस पहल का कितना फायदा डूंगरपुर शहर को होगा ये तो आने वाला बता पायेगा।

# कवयित्री आमेटा को मिला साहित्य साधिका सम्मान



एन चंद्रा मैजिक पटल की ओर से विश्व कीर्तिमान प्राप्त पटल पर विविध उपलब्धियों को लेकर उदयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में ठाकरड़ा (डूंगरपुर) की कवयित्री ध्वनि आमेटा दबंग को साहित्य साधिका सम्मान से सम्मानित किया। समारोह अध्यक्ष डा.प्रेम भंडारी, मुख्य अतिथि डा. विद्या पालीवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीनिवास अय्यर, डा.तारा दीक्षित तथा विनोद सनाढय ने आमेटा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आमेटा को पूर्व में फास्टर सोसायटी उदयपुर की ओर से राष्ट्रीय लेखन गोल्ड शिरोमणी व श्रेष्ठ नारी रत्न शिरोमणी सम्मान तथा कन्या भ्रूण हत्या, मां, पर्यावरण व भ्रष्टाचार पर गीतांजली फाउंडर प्रयागराज की ओर से वूमन मोटिवेशनल अवार्ड से भी सम्मानित किया है। आमेटा की भ्रष्टाचार पर कविता क्या नहीं किया, समय की मांग व नोटों की हरियाली % तथा पर्यावरण संरक्षण पर संकल्प स्वच्छता पर का प्रकाशन स्वच्छ पर्यावरण एवं समृद्ध भारत राष्ट्रीय पुस्तक में हुआ है।

# सूनी मजदूरो की तकलीफ




**सागवाडा।** वागड़ मजदूर किसान संगठन डूंगरपुर के बैनर तले सागवाडा ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल अहारी ने शनिवार को क्षेत्र का दौरा कर मजदूरो की समस्याओ से रूबरू हूए।

अहारी ने बताया कि नरेगा में काम मांगो अभियान पांचवे दिन भी जारी रहा जिसमे सुखापादर, बडलिया, गड़ा लालसिंह, लिम्बोड, बुचिया छोटा व कल्याणपुर सहित गांवो में मजदूरों के हक अधिकारों के लिए जन जागरूकता अभियान किया। अभियान के दौरान मजदूरों के नरेगा में काम के लिए आवेदन कर रसीद लेना, मजदूरो को अभी तक काम नहीं दिया है सिर्फ एक मस्टररोल मैं काम दिया है, ऑनलाइन हाजरी की समस्या, पंचायत में जाने पर आवेदन की रसीद नहीं मिलती है, साथ ही जो बच्चे 8वीं, 10वीं व 12वीं में है को छात्रवृत्ति अभी तक नहीं मिली है। ग्रामिणो ने जल्द ही मांगे पूरी करने की मांग रखी। इस दौरान अरविंद डेंडोर, रामू भाई, भीमा भाई, जसू भाई, मुकेश डेंडोर व गटू डोडीयार मौजूद रहै।

## विधि, समाज और लोक विमर्श' विषय पर राज्यपाल श्री मिश्र ने किया सम्बोधित

# न्यायालय संविधान द्वारा प्रदत्त मानवीय अधिकारों के प्रहरी - राज्यपाल




**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि देश के न्यायालय संविधान द्वारा प्रदान किए गए मानवीय अधिकारों के प्रहरी हैं। न्यायपालिका सभी पक्षों पर गहराई से विमर्श कर, न्याय के सभी सिद्धान्तों को लागू करते हुए अपना कार्य करती है। इसीलिए न्यायपालिका में आज भी आम जन का विश्वास कायम है। राज्यपाल मिश्र शनिवार को यहां होटल आईटीसी राजपूताना में ग्रासरूट मीडिया फाउण्डेशन द्वारा आयोजित 'विधि, समाज और लोक विमर्श' विषयक कार्यक्रम में सम्बोधित रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका ने लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर संकट पर सदा ही आगे बढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' शब्द स्वयमेव भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता की अनुभूति कराने वाले हैं। संविधान में लोगों को मूलभूत अधिकार प्रदान किए गए हैं, तो उनके कर्तव्य भी निर्धारित किए गए हैं। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का संतुलन जब होता है तभी मानवीय गरिमा सभी स्तरों पर स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजभवन में बन रहा संविधान पार्क देश का अपनी तरह का पहला उद्यान होगा। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि सामाजिक न्याय से संबंधित कानून बनाने में हमारा देश विश्वभर में सबसे आगे है पर कानून बनाने के साथ समाज में ऐसा वातावरण बनाया जाना भी जरूरी है, जिससे भेद-भाव, छुआछूत, कुरीतियों, आर्थिक असमानता को पूरी तरह मिटाया जा सके। उन्होंने अपने सम्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति राष्ट्र, समाज, परिवार और स्वयं से एकात्म स्थापित कर लेता है, तो स्वतः ही लोक कल्याण के लिए अग्रसर हो जाता है। राज्यपाल ने संसदीय व्यवस्था, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के नेतृत्व में परस्पर विचार-विमर्श हेतु संस्थागत प्रावधान की पहल किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने अप्रासंगिक हो गए कानूनों की समीक्षा की प्रणाली विकसित किए जाने का सुझाव भी दिया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सांसद रंजन गोगोई ने कहा कि समाज में नैतिक आचरण में कमी आने पर नियम-कानूनों की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में पारिवारिक मूल्यों के खत्म होने और समाज के व्यक्ति केंद्रित होते जाने के कारण आधिकाधिक कानूनों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। राज्यपाल मिश्र को गोगोई ने अपनी पुस्तक 'जस्टिस फॉर द जज' की प्रति भी भेंट की। कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर अधिवक्ता रमन नंदा, ग्रासरूट मीडिया फाउण्डेशन के प्रभारी प्रमोद शर्मा, प्रभा खेतान फाउण्डेशन की प्रतिनिधि अपरा कुच्छल सहित संस्था के पदाधिकारी और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।